# मथानिया में मंगला पशु बीमा योजना के शिविर का निरीक्षण



जोधपुर के जिले के मथानिया में पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना 2025-26 के तहत आयोजित शिविर का निरीक्षण किया।

**जोधपुर**, (का.सं.)। राज्य सरकार के पशुपालन विभाग की ओर से एक दिसंबर 2025 से शुरू हुए मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना 2025-26 के तहत मंगलवार को जिले के मथानिया में आयोजित शिविर का पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने औचक निरीक्षण किया।

प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय भवन में आयोजित शिविर के दौरान उन्होंने पशुपालकों को केंद्र व राज्य सरकार की ओर से संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने खासकर किसानों व पशुपालकों के हित में संचालित योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने का आहवान किया।

मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के संबंध में जानकारी देते हुए पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि प्रदेश में पशुधन संरक्षण को एक नया आयाम देने के लिए सरकार संकल्पित होकर काम कर रही है।

इसी दृष्टि से पशुपालकों के आर्थिक हितों को ध्यान में रखते हुए एवं उन्हें आर्थिक संबल प्रदान किए जाने को लेकर मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना संचालित की जा रही है। योजना के तहत राज्य में 21 लाख पशुओं का नि:शुल्क बीमा किया जाना है।

कुमावत ने बताया कि योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए बीमा का काम प्रारंभ हो गया है। इसके तहत गांवों में शिविर लगाकर पशुओं का बीमा किया जा रहा है। पशुपालक किसान इसका अधिकाधिक फायदा उठाएं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष बीमा के कार्य में गति और सुगमता लाने के उद्देश्य से प्रक्रिया में कुछ परिवर्तन किए गए हैं। इस बार पहले आओ पहले पाओ के आधार पर बीमा का काम होगा जबकि पिछले वर्ष यह लॉटरी द्वारा किया गया था। इस वर्ष पशु चिकित्सक और सर्वेयर एक साथ काम करेंगे और पशुओं का स्वास्थ्य प्रमाण पत्र जारी करने के साथ ही बीमा पॉलिसी भी जारी कर दी जाएगी। इससे पशुपालकों को लाभ मिलने में तो आसानी होगी ही साथ ही काम में भी गति आएगी।

मंत्री कुमावत ने कहा कि योजना के नियमों के अनुसार इस वर्ष एक पशुपालक एक जन आधार पर दो गाय, दो भैंस अथवा एक गाय और एक भैंस, 10 ऊंट तथा 10 भेड़ या 10 बकरियों का नि:शुल्क बीमा करवा सकता है। पशुपालक शिविरों से पूर्व या शिविरों के दौरान भी स्वयं पंजीकरण कर सकेंगे।

इसके लिए मंगला पशु बीमा योजना 25-26 का मोबाइल एप लॉन्च किया गया है जो गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। इस एप के माध्यम से जन आधार का उपयोग कर पशुओं का पंजीकरण कुछ ही मिनटों में किया जा सकता है।

पशुपालक ई-मित्र के माध्यम से भी 30 रुपये की राशि अदा कर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। इस दौरान पशुपालन मंत्री ने गोपाल क्रेडिट कार्ड, सैक्स सोर्टेड सीमन व अन्य योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। मंत्री कुमावत ने उपस्थितजनों को विशेष गहन पुनरीक्षण (एस.आई.आर.) अभियान के बारे में जानकारी दी।

इस मौक़े पर अतिरिक्त निदेशक डॉ मनमोहन नागौरी, सयुंक्त निदेशक डॉ संजयकृष्ण व्यास मौजूद थे।

## कृषि वि.विद्यालय ने ईजाद की हिना हार्वेस्टर मशीन

**जोधपुर**, (कासं)। नवाचारों की श्रेणी में उल्लेखनीय उपलब्धियां दर्ज करवाते हुए एक बार पुन: कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर ने मारवाड़ के किसानों को बड़ी सौगात दी है।

दरअसल लंबे समय से मेहंदी उत्पादक किसानों के लिए मेहंदी कटाई के लिए मौसमी बदलाव, श्रमिकों की उपलब्धता व बढ़ती हुई मजदूरी दर समस्या बनी हुई है। इस के समाधान के लिए कृषि विश्वविद्यालय ने तकनीकी नवाचार करते हुए हिना हार्वेस्टर मशीन ईजाद की। इसी कड़ी में मंगलवार को किसानों को बड़ी राहत देते हुए विश्वविद्यालय के किसान कौशल विकास केंद्र व इंडिया एक्सिम बैंक के सहयोग से सोजत में विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो डॉ वीएस जैतावत ने हिना हार्वेस्टर मशीन को सोजत मेहंदी किसान समिति को हस्तांतरित किया।

कुलगुरु प्रो. जैतावत ने कहा कि मेहंदी हार्वेस्टिंग मशीन बनाना स्वप्न पूरा होने जैसा है। विश्व पटल पर सोजत की मेहंदी मशहूर है, ऐसे में इस क्षेत्र के किसानों की समस्याओं का समाधान करना महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि मौसमी बदलाव के चलते नियत समय में मेहंदी कटाई आवश्यक है लेकिन कुशल श्रमिक मिलना, महंगी लागत और नियत समय में कार्य पूरा न होने से पत्तियां खराबा सोजत के किसानों के लिए बड़ी समस्या बनती जा रही थी, जिसका समाधान कृषि विश्वविद्यालय ने किया है।

किसान कौशल विकास केंद्र के प्रभारी डॉ प्रदीप पगारिया ने बताया कि सोजत 90 से 95 प्रतिशत मेहंदी उत्पादन के साथ प्रमुख निर्यात केंद्र है। मौसमी बदलावों के चलते फसल तैयार होने के बाद 10 से 12 दिन में मेहंदी की कटाई करना आवश्यक होता है, और उस वक्त एक दिन की लेबर 1200 से 2500 के बीच आती है, ये किसानों की मुख्य समस्या है। यह हिना हार्वेस्टर 1 दिन में 10 से 12 बीघा की कटिंग कर देती हैं।

# बाड़मेर में 45 बीएलओ सुपरवाईजर सम्मानित



बाड़मेर में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलैक्टर टीना डाबी ने उत्कृष्ट कार्य करने पर बीएलओ सुपरवाइजर का किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलैक्टर बाड़मेर टीना डाबी ने मंगलवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित समारोह के दौरान बाड़मेर जिले में मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2025 के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ सुपरवाईजर को प्रतीक प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी टीना डाबी ने निर्धारित समय से पहले मतदाता मैपिंग और डिजिटाइजेशन पूरा करने वाले बीएलओ सुपरवाईजर वास्तव में सम्मान और बधाई के पात्र हैं। उन्होंने सभी बीएलओ को कार्य में तेजी लाने और समय सीमा से पूर्व लक्ष्य पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची का अद्यतन केवल औपचारिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह लोकतंत्र की नींव को मजबूत करने वाला अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार एसआईआर-2026 और मतदाता सूची अद्यतन कार्य को निर्धारित समय से पहले पूरा करना आवश्यक है, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मताधिकार से वंचित नहीं रहे। उन्होंने बीएलओ सुपरवाईजर एवं उनकी टीम की ईमानदारी, जिम्मेदारी और समयबद्धता से कार्य की सराहना करते हुए कहा कि जिला स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ सुपरवाईजर को प्रेरणा एवं प्रोत्साहन स्वरूप सम्मानित किया जा रहा है, जिससे टीम भावना को बढ़ावा मिलता है और कार्य के प्रति निष्ठा मजबूत होती है।

शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण करने वाले 45 बीएलओ सुपरवाईजर को सम्मानित किया गया। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेन्द्रसिंह चांदावत, उपखण्ड अधिकारी यशार्थ शेखर, यक्ष चौधरी, तहसीलदार सुनील कुमार समेत निर्वाचन शाखा के विभिन्न कार्मिक उपस्थित रहे। सम्मान समारोह के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी टीना डाबी ने गुडामालानी विधानसभा क्षेत्र से भागीरथराम, कंवरलाल, किशनाराम, ईशरा राम, दयाराम, मदनलाल, लाखाराम, मोहनलाल चौधरी, सवाई राम सुथार, खेमराज, ठाकराराम, हरखाराम, चतरसिंह, चेतनराम, नारायण दान, चूनाराम चौधरी, मोहन लाल विश्नोई, तोलाराम, सोहनलाल विश्नोई, जगमालराम, शिव विधानसभा क्षेत्र से देवप्रतापसिंह, मोहनलाल, रेंवता राम, चतरसिंह, बाड़मेर विधानसभा क्षेत्र से अमराराम, गणपतसिंह, राजूसिंह, प्रवीण कुमार, मोहनलाल सुथार, सवाईराम, जोगाराम, जैसाराम, देवाराम चौधरी, श्रवण कुमार, सुखदेव सुथार, चौहटन विधानसभा क्षेत्र से मदरूपाराम, कानाराम, उम्मेदाराम, दलपत बेनिवाल, पेमाराम सियाग, चोलाराम, धर्माराम चौधरी, रमेश कुमार चौहान, भोमाराम जाखड़ को सम्मानित किया गया।

# गणना प्रपत्र का कार्य पूर्ण कर लक्ष्य पाएं : राणावत



पाली पंचायत समिति में बूथ लेवल अधिकारियों एवं अभिकर्ताओं को चार सत्रों में विशेष प्रशिक्षण दिया। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। निर्वाचन निर्वाचन विभाग की ओर विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत मंगलवार को निर्वाचन क्षेत्र के पाली पंचायत समिति सभागार में निर्वाचन क्षेत्र के समस्त बूथ लेवल अधिकारियो एवं बूथ लेवल अभिकर्ताओ को चार सत्राों में विशेष प्रशिक्षण दिया गया।

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी विमलेन्द्र सिंह राणावत ने बताया कि विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत कई बूथ लेवल अधिकारियों ने बी.एल.ए., आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मतदाताओं के सहयोग से अपना कार्य शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया है तो कई अपने लक्ष्य के बेहद नजदीक हैं जो एक सराहनीय कार्य हैं। उन्होंने कहा कि बी.एल.ओ एव बी.एल.ए. निर्वाचन कार्य की मुख्य कडी है जिनके सहयोग के बिना कार्य पूर्ण हो ही नही सकता। उन्होने बी.एल.ओ से गणना प्रपत्र का कार्य पूर्ण कर लक्ष्य अर्जित करने की बात कही।

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी राणावत ने बताया कि विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत बी.एल.ओ एवं बी.एल.ए. को चार सत्रो मे विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रथम सत्र मे पाली तहसीलदार कल्पेश जैन के सानिध्य मे मास्टर ट्रेनर प्रदीप कच्छवाह एवं गणपतलाल पन्नू ने भाग संख्या 56 से 85, द्वितीय सत्र मे नायब तहसीलदार पाली बाबूलाल चौहान के निर्देशन मे मास्टर ट्रेनर पंकज पंवार एवं कल्याण सिंह टेवाली ने भाग संख्या 86 से 115, तृतीय सत्र में नायब तहसीलदार चुनाव पाली सुरेन्द्र पाण्डे के निर्देशन मे मास्टर ट्रेनर सत्यनारायण सिंह एवं निरंजन त्रिवेदी ने भाग संख्या 166 से 155 तथा चतुर्थ सत्र मे मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी दिलीप करमचंदानी के निर्देशन मे मास्टर ट्रेनर ओमप्रकाश कुमावत एवं मुकेश जागरीवाल ने भाग संख्या 156 से 203 तक के बी.एल.ओ एव बी.एल.ए. को विशेष प्रशिक्षण दिया।

उत्कृष्ठ कार्य पर थप थपाई बी.एल.ओ की पीठ - प्रशिक्षण के दौरान विशेष पुनरीक्षण अभियान के कार्य के बेहद नजदीक पहुंचने वाले बी.एल.ओ भगवानदास बाबानी , धर्मेन्द्र सोलंकी एवं अरूण कुमार के उत्कृष्ठ कार्य पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी ने उनकी कार्यकुशलता पर पीठ थप थपाई। इस मौके पर राम किशोर साबू, निर्वतमान पार्षद अशोक शर्मा, रामचन्द्र, प्रमेन्द्र सिंह परिहार,

ललित कुमार दवे, अनिल नामा, रमेश अणकिया, सुरेश व्यास, मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह परिहार,राजेश कुमार सैन, सवाई सिंह राजपुरोहित, भवानी सिंह, लोकेश दवे, मनोज कुमार रांगी,पारसराम,सुरेश चौधरी, अनिता पारीक समेत राजनैतिक दलो के बूथ लेवल अभिकर्ता , बी.एल.ओ एवं निर्वाचन से जुडे कार्मिक मौजूद रहे।

## शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन वाला फलोदी बना पांचवां जिला

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर)-2026 का कार्य तीव्र गति, उच्च सटीकता और पूर्ण पारदर्शिता के साथ निरंतर प्रगति पर है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि प्रदेश में 94 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग पूर्ण कर राजस्थान ने देशभर में प्रथम स्थान पर है। राज्य के 5 विधानसभा क्षेत्रों (लोहावट, बायतु, नगर, कपासन, सिकराय एवं सलूंबर) में 99 प्रतिशत से ज्यादा मतदाता मैप कर लिए गए हैं, साथ ही 16 विधानसभा क्षेत्र ऐसे हैं जहां यह है आंकड़ा 98 प्रतिशत से अधिक का है।

प्रदेश के 5 जिलों बाड़मेर, सलूंबर, बालोतरा, झालावाड़ और फलौदी में सभी गणना प्रपत्र पूर्णत: डिजिटाइज कर दिए गए हैं।

इसी प्रकार 48 विधानसभा क्षेत्रों में भी 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य पूरा हो चुका है।

महाजन ने बताया कि शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करने वाले बीएलओ एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को सम्मानित करने के पश्चात अब शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने वाले 188 बीएलओ सुपरवाइजर्स को भी सम्मानित किया गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारियों ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान की उपस्थिति में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इन सभी सुपरवाइजर्स को प्रमाण पत्र प्रदान किए।

# हादसे में युवक की मौत, परिजन का शव उठाने से इंकार, रास्ता जाम किया

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर शहर के निकट गांगाणा फांटा के पास में सोमवार की देर शाम बाइक सवार दो युवकों को ट्रक चालक ने चपेट में ले लिया। हादसे में एक युवक की तत्काल मौत हो गई, जबकि दूसरे का उपचार जारी है।

परिजन ने मृतक के परिवार को आर्थिक मदद की मांग की। मृतक परिवार में इकलौता कमाने वाला था। दोपहर तक परिजन का धरना-प्रदर्शन जारी था। परिजन ने प्रशासन से उचित कार्रवाई की मांग भी रखी। हालांकि दुर्घटना के बाद पुलिस ने ट्रक को जब्त करने के साथ उसके चालक को भी पकड़ लिया।

बोरानाडा पुलिस के अनुसार शंकर नगर, सांगरिया निवासी गजेंद्र वैष्णव पुत्र रामचंद्र वैष्णव की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसका साला चांदपोल निवासी नरेश वैष्णव पुत्र मुरलीधर वैष्णव फोटोग्राफी का काम करता था। सोमवार की शाम को अपनी बाइक साथ परिचित के साथ गांगाणा फांटा से निकल रहा था, तब एक ट्रक चालक ने चपेट में ले लिया। हादसे में उसके साले नरेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि साथ वाला घायल हो गया। उसका अस्पताल में उपचार चल रहा है।

इधर इस घटना को लेकर मृतक के बहनोई गजेंद्र का कहना है कि मृतक अपने परिवार में एक मात्र कमाने वाला था। पिता भी बीमार है। परिजन पर अब आर्थिक संकट आ गया है। परिजन की तरफ से सुबह एमजीएच मोर्चरी के बाहर सडक़ पर रास्ता जाम कर धरना दिया गया। यह लोग उचित मुआवजा की मांग प्रशासन से करने लगे। उनका कहना था कि जब तक उनकी मांगों को नहीं माना जाएगा तब तक शव को नहीं उठाया जाएगा।

इधर सडक़ पर रास्ता रोके जाने की जानकारी पर एसीपी पश्चिम छवि शर्मा, थानाधिकारी जयकिशन सोनी आदि वहां पहुंचे और समझाइश का प्रयास किया। समाचार लिखने तक कोई हल नहीं निकला।

## प्रतिबंधित ई-सिगरेट, दो और केस दर्ज

**जोधपुर**, (कासं)। पान की दुकानों पर इन दिनों प्रतिबंधित ई- सिगरेट बेची जा रही है। कुछ दिन पहले जलजोग पर प्रतिबंधित ई- सिगरेट को जब्त कर दुकानदार को पकड़ा गया था। अब पुलिस ने मंडोर और सरदारपुरा थाना क्षेत्र में दो दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई कर ई सिगरेट बरामद की।

मंडोर पुलिस थाने के एसआई अरूणा कुमारी को सूचना मिली कि मंडोर गेट संख्या 1 के पास दुकान में ई- सिगरेट बेची जा रही है। मय जाब्ते के वहां पहुंची और दुकानदार कोलू पाबूजी डाउराम को पकड़ा।

वहीं सरदारपुरा थानाधिकारी जयकिशन सोनी नवीं बी रोड पर एक दुकानदार चामू राजसागर के जितेंद्र को पकड़ा। उसके दुकान से भी ई- सिगरेट जब्त की गई।

# मोतीलाल अध्यक्ष बने

**पाली**, (नि.सं.)। कांग्रेस संगठन ने मोतीलाल सांखला को ओबीसी विभाग जोधपुर संभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया है। मोतीलाल सांखला की नियुक्ति पर क्षेत्र में खुशी की लहर है तथा विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों ने उन्हें बधाई दी है।

ओबीसी वर्ग के संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण को देखते हुए सांखला को यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। उनकी सक्रिय कार्यशैली एवं संगठन के प्रति लंबे समय से किए जा रहे योगदान को पार्टी नेतृत्व ने सराहा है। नियुक्ति पर महेश परिहार सुमेरपुर ने सांखला को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में ओबीसी विभाग जोधपुर संभाग नई ऊंचाइयां हासिल करेगा।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट (एस.टी.बी.ए.) हेतु आमंत्रण सूचना**

NIT No-38-57/STBA/JU/2025 दिनांक: 27.11.2025

| स्टेशन वर्गीकरण | कार्य का नाम व स्थान | आवेदन पत्र का मूल्य | अमानत राशि |
|---|---|---|---|
| NSG-06 | जोधपुर मंडल के निम्न स्टेशन पर कम्प्यूटरिकृत अनारक्षित टिकट प्रणाली (यूटीएस) से अनारक्षित रेल टिकटों को जारी करने हेतु स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट के चयन | Rs.1,000/- | Rs.2,000/- |
| NSG-05 | | Rs.1,000/- | Rs.5,000/- |

NSG-06:

| NIT No | स्टेशन | NIT No | स्टेशन |
|---|---|---|---|
| 38 | भीमरलाई | 39 | बदवासी |
| 40 | दुदिया | 41 | गोले |
| 42 | जारी | 43 | जोगीमगरा |
| 44 | खजवाना | 45 | पारलू |
| 46 | सतलाना | 47 | तिलवाड़ा |
| 48 | नया खारड़िया | 49 | पलाना |
| 50 | मेड़ता सिटी | 51 | खुनखुना |
| 52 | उत्तरलाई | | |

NSG-05:

| NIT No | स्टेशन | NIT No | स्टेशन |
|---|---|---|---|
| 53 | गच्छिपुरा | 54 | समदड़ी |
| 55 | रेन | 56 | धनेरा |
| 57 | बायतु | | |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्यालय का पता जहाँ से आवेदन फॉर्म प्राप्त किया जा सकता हैं | वाणिज्य सामान्य शाखा, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर<br>सोमवार से शुक्रवार समय: 10:00 बजे से 17:00 बजे तक। |
| 2. | आवेदन फॉर्म खरीदने की अंतिम तिथि एंव समय | दिनांक- 22.12.2025 (सोमवार) को 17:00 बजे तक। |
| 3. | आवेदन फॉर्म स्वीकार करने की तिथि एंव समय | दिनांक- 26.12.2025 (शुक्रवार) को 15:00 बजे तक। |
| 4. | आवेदन खोलने की तिथि एंव समय | दिनांक- 26.12.2025 (शुक्रवार) को 15:00 बजे। |

हमें /NWRailways पर फॉलो करें 1552-AN/25



## जालोर के तीन वूशु खिलाड़ियों का हुआ चयन

**जालोर**, (कासं)। श्रीगंगानगर में 29 से 30 नवम्बर तक आयोजित हुई वूशु खेल की राष्ट्रीय चयन ट्रायल में जालोर जिले के वूशु खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना दबदबा कायम रखा। वूशु खेल की वर्ल्ड चैम्पियनशिप अंतर्राष्ट्रीय चयन ट्रायल के लिए जिले के तीन व फेडरेशन कप नेशनल वुशू प्रतियोगिता के लिए जिले के 10 खिलाडी चयनित हुए।

खिलाडियों के जालोर लौटने पर सोमवार शाम जिला वूशु संघ के अध्यक्ष शिवदत्त आर्य व जिला एथलेटिक्स के अध्यक्ष भरत मेघवाल के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया।

जिला वूशु संघ के महासचिव कन्हैयालाल मिश्रा ने बताया कि वूशु जूनियर वर्ल्ड चैम्पियनशिप चयन ट्रायल में दिव्या सोनी, रुद्राक्ष व हिमानी वैष्णव ने राजस्थान में पहला स्थान हासिल किया। इसी प्रकार फेडरेशन कप नेशनल चयन ट्रायल में सुनीता चौधरी,कुसुम सुथार, दिव्या सोनी, मयंक भादरु, काव्या गुप्ता, कर्तव्य गुप्ता, मेहुल, रियांशी, दिव्या गोदारा व हिमानी वैष्णव ने राजस्थान में पहला स्थान हासिल किया।

# वरिष्ठ नागरिक समिति की बैठक में अधिवेशन पर चर्चा



पाली में वरिष्ठ नागरिक समिति जिला शाखा की बैठक हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। वरिष्ठ नागरिक समिति जिला शाखा की परम्परानुसार मंगलवारीय बैठक प्रात: 11 बजे करणसिंह की चाली सभागार में जिलाध्यक्ष डॉ रामलाल मोहबारशा की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

जिला सचिव दिनेश दवे ने बताया कि सर्वप्रथम उपस्थित वरिष्ठजनो ने सामुहिक ईश प्रार्थना करने के पश्चात निर्देशानुसार बैठक कार्यवाही प्रारंभ हुई जिसमें जिलास्तरीय उप शाखाओ द्वारा वरिष्ठजनो के हितार्थ किए जाने वाले सामाजिक क्रियाकलापों के बारे में प्रगति प्रतिवेदन, संगठन संबंधी चर्चा कर निर्णय लिए गए। बैठक में आगामी 22 व 23 फरवरी 2026 भुवनेश्वर (उडीसा) में राष्ट्रीय अधिवेशन में भाग लेने वाले वरिष्ठजनो के रजिस्ट्रेशन, आने जाने की रेल यात्रा के रिजर्वेशन, आवास एवं भोजन के साथ साथ दर्शनीय स्थल जगन्नाथपुरी धाम,साक्षी गोपाल व कोणार्क सूर्य मंदिर पर्यटन स्थल भ्रमण कार्यक्रम आदि पर विस्तार पूर्वक विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में उपस्थित वरिष्ठ शिक्षाविद् गणपतसिंह दहिया व शिवप्रसाद परिहार ने वरिष्ठजनों की दैनिक जीवन शैली रहन-सहन पर प्रकाश डालते के साथ साथ एकादशी व्रत व भगवान विष्णु का पूजन आदि पर जोर दिया।

## अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में डॉ. सैनी ने व्याख्यान दिया

**जोधपुर**, (कासं)।डॉ. संपूर्णानंद मेडिकल कॉलेज, जोधपुर के अधीन महात्मा गांधी चिकित्सालय, जोधपुर के अस्थि रोग विभाग में कार्यरत सहायक आचार्य डॉ. मुकेश सैनी ने दुबई में आयोजित "मीट द मास्टर्स आर्थोप्लास्टी 2025" कार्यशाला में घुटने के जोड़ प्रत्यारोपण संबंधित विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया तथा घुटने में एक्स्ट्रा आर्टीक्यूलर डिफॉर्मेटी के उपचार पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

डॉ. सैनी ने बताया कि उक्त कॉन्फ्रेंस दुबई स्थित ताराबिची ऑर्थोपेडिक एवं स्पोर्ट्स हॉस्पिटल क तत्वावधान में आयोजित की गई जिसमें भारत सहित अन्य देशों के 80 से अधिक डेलीगेट जोड प्रत्यारोपण विशेषज्ञों ने भाग लिया तथा जोड प्रत्यारोपण से संबंधित आधुनिक तकनीकों की जानकारी साझा की गई।

ऑर्थोपेडिक विभागाध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार वैश्य ने हर्ष जताया तथा बताया कि विभाग में जोड़ प्रत्यारोपण से सबंधित ऑपरेशन एवं शोध कार्य निरंतर रूप से उपलब्ध है।


**कार्यालय श्री कान्हडदेव सोनगरा कृषि उपज मण्डी समिति, जालोर**

(लेटा फाटक के पास, आहोर रोड़, जालोर-343001)

क्रमांक: 2025-26/1091 दिनांक:02/12/2005

**आवंटन सूचना**

कृषि उपज मण्डी समिति जालोर के मुख्य मण्डी प्रांगण जालोर में कोल्ड स्टोरेज एवं गोदाम के आवंटन चयनित व चिन्हांकित भूखण्ड निम्नानुसार है का राज्य के मण्डी प्रांगणों में आवंटन के लिये वर्तमान में प्रभावी अचल सम्पत्ति आवंटन नीति 2005 मय वर्तमान अद्यतन व भावी संशोधनों एवं राज्य सरकार / कृषि विपणन निदेशालय द्वारा समय-समय पर जारी आवंटन दिशा-निर्देशों के सम्बंध में प्रावधानान्तर्गत निर्धारित आरक्षित दर प्रक्रिया से 99 वर्षीय लीज पर आवंटन किये जाने हेतु आवंटन के इच्छुक समस्त व्यावसायियों / संबंध कृषि जिंस प्रसंस्करण फल-सब्जी प्रसंस्करण व भण्डारण इकाईयों, कृषकों, पंजीकृत कृषक उत्पादक संगठन / कम्पनी /राईजिंग राजस्थान के तहत संबंध क्षेत्र से MOU कर्ता तथा अन्य इच्छुक व्यक्ति / फर्म/ संस्थाओं से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

| क्र.सं. | भूखण्ड का विवरण | मण्डी प्रांगण | भूखण्ड साईज वर्ग फीट में | कुल भूखण्ड सं. | वर्ग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अधिसूचित कृषि जिंसों के भण्डारण हेतु कोल्ड स्टोरेज | मु. म. जालोर | 150X200 | 1 | अनारक्षित |
| 2 | गोदाम 500 MT | मु. म. जालोर | 75X50 | 1 | अनारक्षित |

1. इच्छुक आवेदक आवेदन पत्र मय शर्तों के निर्धारित शुल्क राशि 1000/- जमा करवा कर मण्डी समिति कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 02.12.2025 से प्राप्त कर सकते है। जिस फर्म/व्यक्ति/आवेदक के नाम से आवेदन पत्रादि क्रय किया जायेगा, उसी के अनुसार आवेदनपत्रादि की आवश्यक पूर्ति कर मय वांछित दस्तावेजों व निर्धारित धरोहर राशि 10.00 लाख रूपये अथवा परियोजना लागत का 1.00 प्रतिशत (जो भी कम हो) के सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति, जालोर के पक्ष में जारी बैंकर चैक अथवा बैक डिमांड ड्राफ्ट के साथ दिनांक 08.12.2025 समय 04:00 तक मण्डी समिति जालोर के कार्यालय में जमा करवा सकते है। इसके पश्चात् आवेदन स्वीकार नही किये जायेगें।
2. आवंटन हेतु प्रस्तावित भूखण्ड का आरक्षण व अन्य विवरण आवेदन पत्र में वर्णित है, आवंटन शर्ते व ले आउट प्लान किसी भी कार्य दिवस में मंडी समिति जालोर के कार्यालय में उपस्थित होकर भी देखी जा सकती है एवं विभागीय पोर्टल https://agriculture.rajasthan.gov.in/dam व https://sppp.rajasthan.gov.in पर भी आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सकती है।
3. आवंटन हेतु उपलब्ध भूखण्डों की संख्या में वृद्धि / कमी करने तथा आवंटन शर्तों व विज्ञिप्त में संशोधन का अधिकार मण्डी समिति के सदैव रहेगा।

प्रशासक सचिव

## सार-समाचार

### खसाराम मेघवाल जिलाध्यक्ष बने

**जालोर**, (कासं)। जिले में सामाजिक व संगठनात्मक स्तर पर महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए एडवोकेट खसाराम मेघवाल को कांग्रेस अजा विभाग का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति की आधिकारिक घोषणा के बाद क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह देखा गया। प्रदेशाध्यक्ष ने कांग्रेस अजा विभाग के जिलाध्यक्ष की घोषणा की। जालोर जिलाध्यक्ष पद पर खसाराम एडवोकेट को उनके पार्टी के प्रति निष्ठा एवं कर्मङ्गता को देखते हुए जिम्मेदारी दी गई है। वे करीब 35 वर्षो से कांग्रेस पार्टी के हर संगङ्गात्मक कार्यो मे बढ चढकर भाग लेते आये है। खसाराम एनएसयूआई सायला मे ब्लाक उपाध्यक्ष, सेवा दल कांग्रेस मे जिला उप संगठक, कांग्रेस कमेटी मे जिला सचिव, अम्बेडकर सेवा समिति सदस्य, निजी सलाहकार जिला अम्बेडकर शिक्षा समिति के पद पर भी कार्य कर चुके है। नई जिम्मेदारी मिलने पर खसाराम मेघवाल ने कहा कि संगङ्गन द्वारा जताए गए विश्वास को वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने बताया कि वे जिले के वंचित वर्गो की समस्याओं को प्राथमिकता से उङ्गाते हुए उन्हें समाधान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। स्थानीय नेताओं का कहना है कि खसाराम लंबे समय से सामाजिक कार्यो में सक्रिय रहे हैं और उनकी नियुक्ति से संगठन को जमीनी स्तर पर नई ऊर्जा मिलेगी। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर और शुभकामनाएँ देकर अपनी खुशी व्यक्त की गई।



खसाराम मेघवाल

### एनएसयूआई की रेवदर कार्यकारिणी बनी

**रेवदर**, (निसं)। एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड एवं सिरोही एनएसयूआई जिलाध्यक्ष एडवोकेट चंपालाल के द्वारा संगठन की नई ब्लॉक और इकाई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इस घोषणा के बाद कार्यकर्ताओं और छात्रों में उत्साह का माहौल है। एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष (रेवदर)- अजमल राजकीय महाविद्यालय एनएसयूआई इकाई अध्यक्ष-दशरथ कुमार मंडार नगर पालिका नगर अध्यक्ष- जयदीप मनोनीत पदाधिकारियों का छात्रों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया और उन्हें बधाई दी। कार्यकारिणी घोषणा के अवसर पर, एनएसयूआई के पूर्व पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती पर अपने विचार व्यक्त किए। विनोद सिंह सोलंकी (पूर्व जिला महासचिव) सनी अग्रवाल (पूर्व जिला सचिव) दोनों नेताओं ने नव-मनोनीत टीम से संगठन के सिद्धांतों को आगे बढाने और छात्र हितों के लिए कार्य करने का आहवान किया। इस मौके पर विभिन्न कार्यकर्ता उपस्थित रहे और उन्होंने नई टीम को शुभकामनाएं दीं। पदाधिकारियों के मनोनयन से जिले में एनएसयूआई के आधार को और मजबूती मिलने की उम्मीद है। इस मौके पर यह सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिसमें एनएसयूआई के नरेंद्र सिंह बिका राहुल पालीवाल श्रवण राहुल कुमार आशीष भिलेशा दिनेश कुमार आकाश महेंद्र हितेश कुमार अमित रेवदर दीपा राम सोनू कुमारी मनीषा कुमारी कविता हिना आकाश कुमार अशोक कुमार करण पिंस कुमार उपस्थित रहे।

### फलोदी अस्पताल में ऑपरेशन सफल

**फलोदी**, (निसं)। जिला अस्पताल फलोदी के इमरजेंसी विभाग की तत्परता से दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल मरीज का जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में ही आपरेशन कर उसे जोधपुर रेफर होने से बचा लिया। पीएमओ डॉ.अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि शुभम ओझा पुत्र राजेश ओझा का पैर एक्सीडेंट की वजह से गंभीर व अत्यंत क्षत विक्षत हो गया। जिसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल फलोदी की इमरजेंसी में लाया गया। इस दौरान इमरजेंसी विभाग में कार्यरत नर्सिंग ऑफिसर दिनेश विश्नोई,राजू जयपाल ,महिपाल विश्नोई ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत चिकित्सकों डॉ.कैलाश जोशी, पीएमओ डॉ.अभिषेक अग्रवाल व डॉ.अनिल कुलदीप को बुलाया और तुरंत ही इलाज कर मरीज का पूरा पैर एक छोटे ऑपरेशन के शब्द रिपेयर कर दिया गया। डॉ.अग्रवाल ने बताया की मरीज अब पूरी स्वस्थ है। उसका आगे का इलाज जारी है। गौरतलब है कि फलोदी जिला अस्पताल में हर छोटे से छोटा एक्सीडेंट भी जोधपुर रेफर किया जाता था लेकिन अब पीएमओ पद पर डॉ अभिषेक अग्रवाल द्वारा पदभार संभालने के बाद गंभीर घायल मरीजो का उपचार जिला अस्पताल में ही करने के प्रयास किए जाते है जिससे मरीज को जोधपुर रेफर नहीं होना पडे।

### चंद्रप्रकाश शील की देह दान की

**जोधपुर**, (कासं)। रेलवे विभाग से सेवानिवृत्त अधिकारी चंद्रप्रकाश शील के निधन के बाद उनकी देह का दान किया गया है। हाईकोर्ट कॉलोनी निवासी 82 वर्षीय चंद्रप्रकाश शील का सोमवार देर रात निधन हो गया। जीवनकाल में लिए गए संकल्प और परिवार की सहमति के अनुसार उनके पार्थिव शरीर को डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज के एनाटॉमी विभाग को चिकित्सा शिक्षा और शोध कार्य हेतु समर्पित किया गया। उनके पुत्र विवेक शील ने बताया कि उनके पिता मानवता और समाज सेवा के लिए सदैव समर्पित रहे। उनका मानना था कि मृत्यु के बाद भी शरीर चिकित्सा शिक्षा के माध्यम से कई लोगों के लिए उपयोगी बन सकता है। मोक्ष यात्रा उनके निवास स्थान से रवाना होकर मेडिकल कॉलेज पहुंची, जहां डॉक्टर्स टीम की देखरेख में देहदान की प्रक्रिया पूरी की गई। मेडिकल कॉलेज प्रशासन के अनुसार यह इस वर्ष का 19वां देहदान है।

### महंत शिवनाथ महाराज को दी बधाई

**रेवदर**, (निसं)। बाबा रामदेव गौशाला में सोमवार को पावटी जिला जालोर के समाजसेवी वजाराम द्वारा महंत शिवनाथ महाराज को महंत की उपाधि मिलने पर स्वागत सत्कार किया गया एवं शुभकामनाएं दी। इस मौके पर समाजसेवी वजाराम द्वारा महंत शिवनाथ महाराज को शॉल ओढाकर स्वागत किया एवं उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं तीन दिन के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महंत शिवनाथ महाराज ने बताया कि गौ माता की सेवा से बढकर कोई भी पुण्य का कार्य नहीं है, जो व्यक्ति गौ माता की सेवा में अपने जीवन को समर्पित करता है उस व्यक्ति का हर कार्य सफल होता है। उसे परम पद की प्राप्ति भी होती है। इस अवसर पर महंत शिवनाथ महाराज ने आशीर्वाद प्रदान किया।

### जैसलमेर में स्पा सेंटर से गिरफ्तारी

**जैसलमेर**, (नि.सं.) शहर के मध्य स्थित चर्चित गोल्डन स्पा सेंटर पर पुलिस ने मंगलवार दोपहर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। कोतवाली थाना प्रभारी सुरजाराम तथा सीओ सिटी रूपसिंह इंदा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने स्पा सेंटर में दबिश दी, जहां से स्पा के मैनेजर राजेश सैनी और एक महिला को पीटा एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने मौके से 3 लाख 14 हजार रुपए की नकदी भी बरामद की है। सूत्रों के अनुसार, पुलिस को कुछ दिनों से स्पा में संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मिल रही थी। मंगलवार को मुखबिर से पुख्ता सूचना मिलने पर टीम ने दोपहर बाद अचानक दबिश दी। कार्रवाई करीब पांच घंटे तक चली, जिसके दौरान स्पा सेंटर के बाहर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने पूरे सेंटर की तलाशी ली और मौजूद लोगों से पूछताछ भी की।

### बंदी ने लगाया मारपीट का आरोप

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर केंद्रीय कारागार में एक विचाराधीन बंदी से मारपीट करने का मामला सामने आया है। बंदी ने दो नामजद कैदियों के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज कराया है। मामला रातानाडा थाने में दर्ज किया गया है। फिलहाल जांच में जुटी है। रातानाडा पुलिस ने बताया कि घटना को लेकर विचाराधीन बंदी सांकराना बालोतरा निवासी नरेंद्र उर्फ नरेश पुत्र प्रहलादराम ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि सोमवार की सुबह जेल परिसर में कैदी सुरेश और अनिल ने मिलकर उसके साथ मारपीट की जिससे वह चोटिल हो गया। रातानाडा पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर अब जांच आरंभ की है।

### त्रि-स्तरीय जनसुनवाई स्थगित

**जालोर**, (कासं)। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की व्यवस्तता को दृष्टिगत रखते हुए माह दिसम्बर व जनवरी, 2026 में आयोजित होने वाली त्रि-स्तरीय जनसुनवाई को स्थगित किया गया है। यह जानकारी जिला कलैक्टर ने दी।

# राज्य स्तर पर चयनित ग्यारह बीएलओ सुपरवाईजर का सम्मान



जालोर जिला कलैक्टर डॉ.प्रदीप के .गावंडे ने एसआईआर अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ सुपरवाईजर का सम्मान किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 (एसआईआर) के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने पर मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समारोह में राज्य स्तर पर चयनित जालोर जिले के 11 बीएलओ सुपरवाईजर को जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने राज्य स्तर से प्राप्त प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

समारोह में राज्य स्तर पर सम्मान के लिए चयनित भीनमाल विधानसभा के बीएलओ सुपरवाईजर मोहनलाल, गोपाल सिंह राव, पदमसिंह चौहान, महेन्द्रसिंह उमट, मलाराम, तुलसाराम, लादुराम विश्नोई, चन्द्रप्रकाश, नित्यानन्द, माना राम चौधरी व मनमोहन चौधरी को जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

समारोह के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों-कार्मिकों की ओर से विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) के तहत उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा हैं। अन्य कर्मचारियों को भी प्रोत्साहन मिल सकेगा।

इस अवसर पर आहोर ईआरओ रोहित चौहान, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी लादेश शर्मा सहित बीएलओ सुपरवाईजर उपस्थित रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे के निर्देशन में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के गणना चरण के दौरान गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज किया जा रहा है।

मतदाता भरे हुए परिगणना प्रपत्र 11 दिसम्बर से पूर्व बीएलओ के पास जमा करवाएं। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि जालोर जिले में एसआईआर-2026 के गणना चरण के दौरान गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज भी किया जा रहा है। अब तक जालोर जिले में कुल 1405411 (92.27 प्रतिशत) गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज किया गया हैं।

# एसआईआर अभियान में प्रत्येक नागरिक कर्तव्य का पालन करें : महंत प्रतापपुरी

**पोकरण**, (कासं)। क्षेत्रीय विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज ने मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र के कई ग्रामीण इलाकों का दौरा कर आमजन की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने राज्य व केंद्र सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए लोगों से अधिकाधिक लाभ लेने का आग्रह किया।

विधायक के निजी सहायक गुलाबसिंह राठौड ने बताया कि महंत प्रतापपुरी ने रामदेवरा, लाङ्गी, केरालिया, चांदनी, ओढाणिया, सांकडयि, झाबरा व झलारिया गांव का भ्रमण किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीति सदैव आमजन के कल्याण की रही है और प्रदेश सरकार उसी भावना से कार्य कर रही है। पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, महात्मा गांधी नरेगा, बिजली सहित अनेक योजनाओं पर जानकारी देते हुए उन्होंने पात्र लोगों से लाभ लेने का आग्रह किया। कई जन समस्याओं का समाधान अधिकारियों को दूरभाष पर निर्देश देकर करवाया गया। विधायक ने विभिन्न वैवाहिक कार्यक्रमों में उपस्थित रहकर नवविवाहितों को आशीर्वाद दिया।

हाल ही में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा जारी परिसीमन अधिसूचना के तहत पोकरण विधानसभा में 46 नवीन ग्राम पंचायतों, रामदेवरा नवीन पंचायत समिति तथा सांकडा पंचायत समिति मुख्यालय के गठन पर ग्रामीणों ने विधायक महंत का जगह-जगह स्वागत किया। ग्रामीणों ने आतिशबाजी कर खुशियां मनाई व एक दूसरे का मुंह मीठा करवाकर विधायक का आभार जताया। महंत ने कहा कि प्रदेश सरकार ने जनभावनाओं का सम्मान कर वर्षों से लंबित मांग को पूरा किया। उन्होंने मुख्यमंत्री का विशेष आभार जताया। विधायक महंत प्रतापपुरी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय भागीदारी ही एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) प्रक्रिया की सफलता की कुंजी है। उन्होंने सेनाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे चुनाव आयोग द्वारा संचालित विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत अपना गणना पत्र अनिवार्य रूप से भरें। उन्होंने कहा कि यह छोटा-सा कदम नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा के साथ-साथ लोकतंत्र को और सशक्त बनाएगा। मतदाता सूची में केवल वास्तविक और पात्र मतदाताओं के नाम शामिल हों, यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। महंत ने बताया कि देश की सुरक्षा और एकता के लिए एसआईआर प्रक्रिया अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसे ईमानदारी व पारदर्शिता से संपन्न करने हेतु अनुभवी कार्यकर्ताओं को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है।

बैठक में पूर्व विधायक सांगसिंह भाटी, गुलाबसिंह राठौड, समाजसेवी मोहनलाल पालीवाल, रमण पालीवाल, हिम्मताराम चोधरी, रमेशचंद्र पालीवाल, चिरंजीलाल पालीवाल, सालगलाम पालीवाल, बद्रीनारायण पालीवाल, राणीदान, मालमसिंह भाटी, पर्वतराम सुथार, जेतमालसिंह भैरवा सहित पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

# अधिवक्ता से दुर्व्यवहार पर वकीलों ने जताया विरोध



जालोर में अधिवक्ताओं ने जोधपुर में अधिवक्ताओं के साथ मारपीट के मामले को लेकर जिला कलैक्टर को ज्ञापन सौंपा। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जोधपुर में पुलिस थाना कुड़ी भगतासनी के थानाधिकारी सहित पुलिस कर्मियों द्वारा अधिवक्ता एवं उनके सहयोगी अधिवक्ताओं के साथ थाना परिसर में की गई मारपीट एवं दुर्व्यवहार करने की घटना को लेकर अभिभाषक संघ जालौर ने मंगलवार को आक्रोश जताते हुए कडी निंदा की तथा मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

संघ के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह राठौड के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में दोषी थानाधिकारी एवं पुलिस कर्मियों को निलंबित करने की मांग की।

साथ ही कार्यवाही नहीं होने पर बहिष्कार की चेतावनी भी दी है। इस दौरान अभिभाषक संघ के उपाध्यक्ष अश्विन राजपुरोहित, सचिव प्रवीण कुमार भादरू, कोषाध्यक्ष पुखराज माली, अधिवक्ता शम्भूदान आशिया, सरदार खान खोखर, विक्रमसिंह, मनोहरसिंह जोधा, सतपाल पुरोहित, गोकुल परिहार, दौलत बराडा, अशोक कुमार माली, उत्तम कुमार माली, पारसमल गार्गी, पदमसिंह भाटी, प्रवीण घांची, प्रकाश खत्री, फारूक कुरैशी, नवीन गहलोत, रणजीतसिंह समेत बडी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे।

वहीं अधिवक्ताओं ने दुर्व्यवहार करने वाले पुलिस अधिकारी हमीर सिंह को तत्काल निलंबित करने पर वकीलों ने खुशी जाहिर की।

अभिभाषक संघ के उपाध्यक्ष अश्विन राजपुरोहित ने बताया कि एक अधिवक्ता भरतसिंह राठौड़ के साथ थानाधिकारी द्वारा मारपीट करना एवं दुर्व्यवहार करना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय कृत्य है। इस मामले में उच्च न्यायालय द्वारा स्वतः संज्ञान लेकर कार्यवाही करना एवं वकीलों के दबाव के बाद थानाधिकारी को निलंबित करने से न्याय की जीत हुई है। साथ ही पुलिस को आमजन के साथ सॉफ्ट पुलिसिंग की ट्रेनिंग देने की भी आवश्यकता है।

## पुलिस ने 4 महीने बाद पकड़ा ड्रग्स मंगाने का आरोपी

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जैसलमेर में वर्षों पूर्व सोना, बादाम, लौंग की होने वाली तस्करी से निजात मिली, परन्तु वर्तमान में ड्रग्स तस्करी करने वाले बड़े बड़े गिरोह सक्रिय हैं। पुलिस द्वारा 4 महीने पहले 3 करोड़ 35 लाख रुपए की एमडीएमए ड्रग्स पकड़ी गई थी, पर ड्रग्स मंगवाने वाला आरोपी फरार था। इस मामले में जिले की कोतवाली पुलिस ने इस केस में सप्लाई मंगाने वाले वांटेड आरोपी भोमसिंह पुत्र शैतानसिंह राजपूत को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पिछले कई महीनों से फरार चल रहा था। अब पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि ड्रग्स नेटवर्क में और कौन-कौन लोग जुड़े हुए हैं तथा सप्लाई चेन कहां तक फैली है।

पुलिस अधिक्षक अभिषेक शिवहरे के निर्देशन में कोतवाली थाने ने वांटेड आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया। कोतवाली थानाधिकारी सुरजाराम की टीम ने भोमसिंह को डिटेन कर पूछताछ की और फिर गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट से पीसी रिमांड भेजा।

## हादसे में टैक्सी चालक की मौत

**जोधपुर**, (कासं)। बोरानाडा स्थित प्रिती पुल के पास एक टैक्सी डिवाइडर से टकरा गई। दुर्घटना में घायल इसके चालक की अस्पताल में उपचार के बीच में मौत हो गई। रिश्तेदार की तरफ से बोरानाडा थाने में मर्ग की रिपोर्ट दी गई।

बोरानाडा पुलिस ने बताया कि सरदारपुरा निवासी 62 वर्षीय सोहन सिंह पुत्र रामसिंह टैक्सी लेकर बोरानाडा प्रिती पुल के पास से निकल रहा था। तब टैक्सी डिवाइडर से टकरा गया और वह घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया, मगर अब उसकी मौत हो गई।

# करमचंदानी के 'सोन जो पुतलों' पर साहित्य गोष्ठी

**जोधपुर**, (कासं)। राजस्थान सिंधी अकादमी के राज्य स्तरीय प्रथम पुरस्कार से सम्मानित गोविंद करमचंदानी की एकांकी 'सोन जो पुतलो' पर चर्चा का आयोजन किया गया। एकांकी का मूल आधार विश्व प्रसिद्ध 'मिडास टच' कथा है।

नहर रोड स्थित दुर्गा स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट के सभा कक्ष में सिंधी कल्चरल सोसायटी जोधपुर द्वारा आयोजित इस साहित्यिक संगोष्ठी में वरिष्ठ रंगकर्मी हरीश देवनानी ने कहा कि यह एकांकी सोसायटी द्वारा आयोजित बाल नाट्यय प्रशिक्षण शिविर के दौरान लिखी गई थी और इसका मंचन भी बच्चों ने शिविर दौरान किया था। उन्होंने बताया कि अकादमी समय-समय पर साहित्यिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करती रहती है। यह संस्था केंद्रीय साहित्य अकादमी से भी सम्बद्ध है। मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार डॉ. हरीश शिवनानी ने एकांकी में मनुष्य की लालची प्रवृत्ति के बुरे परिणामों को लेकर उसके नैतिक बल को रेखांकित करने को महत्वपूर्ण बताया। सोसायटी के अध्यक्ष महेश संतानी ने बताया कि बाल एकांकी संठाह 'जादुअ जी टोपी' में विभिन्न एकांकियों का हिंदी से सिंधी में अनुवाद किया गया था। गीतकार दिलीप कैसानी ने भी एकांकी की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।

सचिव विजय भक्तानी ने वर्तमान दौर में इस कथानक की एकांकी को सामयिक बताया। डॉ.के एल तुलसियानी, यशपाल वासवानी, रितिका मनवानी, स्मिता थदानी, जया गोपलानी, राजेंद्र खिलरानी, हरिकिशन गोलानी, प्रदीप डांडवानी, राहुल ठकुरानी, विनय कर्मवाणी, सीमा खिलरानी, रोहित खिलरानी ने भी गहन चर्चा में हिस्सा लिया।

संगोष्ठी में सोसायटी के निकट भविष्य में होने वाले कार्यक्रमों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

## कैंसर पीड़ित ने फंदा लगाकर खुदकुशी की


**जोधपुर**, (कासं)। शहर के सरदारपुरा, दूसरी डी रोड पर रहने वाले कैंसर पीड़ित एक व्यक्ति ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। परिजन को पता लगने पर उसे फंदे से उतार कर अस्पताल लाया गया, मगर डॉक्टर ने उसे मृत बता दिया। सरदारपुरा पुलिस ने मर्ग दर्ज कर शव परिजन को सौंपा।

सरदारपुरा पुलिस ने बताया कि गजानंद कालोनी, सूंथला निवासी विजय सिंह पुत्र मंगल सिंह ने मर्ग में रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उसका छोटा भाई 50 वर्षीय हिम्मत सिंह यहां सरदारपुरा दूसरी डी रोड पर अनंतराम बगेची के पास में रहता था, वह कैंसर से पीड़ित था। इस मानसिक दबाव में उसने अपने घर पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन को पता लगने पर उसे अस्पताल लेकर गए, मगर डॉक्टर ने उसे मृत बता दिया। पुलिस ने मर्ग की कार्रवाई के उपरांत शव परिजन को सुपुर्द किया।

# वाटरशेड महोत्सव 8 को

**जालोर**, (कासं)। सम्भाग स्तरीय वाटरशेड महोत्सव कार्यशाला 8 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे से महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज जोधपुर के पास स्थित मारवाड़ इन्टरनेशनल सेन्टर के ऑडिटोरियम में होगी। वाटरशेड के अधीक्षण अभियंता ने बताया कि जनप्रतिनिधि, जलग्रहण उप समिति अध्यक्ष, सचिव, प्रगतिशील किसान, परियोजना के लाभार्थी सम्मिलित होंगे।

# जालोर में कांग्रेस के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का पदभार ग्रहण आज



रमीला मेघवाल

**जालोर**, (कासं)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रमीला मेघवाल 3 दिसम्बर को राजीव गांधी भवन जालोर में पदभार गृहण करेंगी। उसके पश्चात जिला कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक होंगी। जिसमें ''वोट चोर गद्दी छोड'' महारैली के संबंध में चर्चा की जाएगी।

जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल ने बताया कि नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रमीला मेघवाल को पूजा अर्चना के बाद विधिवत पदभार गृहण कराया जाएगा।

कांग्रेस प्रवक्ता लक्ष्मणसिंह सांखला ने बताया कि वैभव गहलोत एवं सुमन यादव बुधवार को प्रातः 10.30 बजे कांग्रेस की नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रमिला मेघवाल के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

उसके बाद वे जिला कांग्रेस कमेटी की विस्तारित बैठक में भी भाग लेंगे। बैठक में जिले के सभी प्रमुख नेतागण भाग लेंगे।

प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार होने वाली जिला कांग्रेस कमेटी की विस्तारित बैठक में आगामी 14 दिसम्बर को नई दिल्ली में होने वाली वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली में जिले से ज्यादा से ज्यादा लोगों के भाग लेने के लिए रुपरेखा बनाई जायेंगी। इसी तरह नवनियुक्त जिलाध्यक्ष भी भविष्य की रूपरेखा एवं होने वाले कार्यो के बारे में अपनी बात रखेंगी।

सांखला ने बताया कि वैभव गहलोत एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस की महामंत्री एवं जिला प्रभारी सुमन यादव बुधवार को जालोर दौरे पर रहेंगे।

## प्रदर्शनी 11 से

**जालोर**, (कासं)। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केन्द्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय सिरोही द्वारा केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर दो दिवसीय मल्टीमीडिया प्रदर्शनी कार्यक्रम 11 व 12 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे स्टेडियम परिसर जालोर में स्थित बहुउद्देशीय हॉल में आयोजन किया जायेगा। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने जन कल्याणकारी योजनाओं पर दो दिवसीय मल्टीमीडिया प्रदर्शनी कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया।

# कृषि उपज मंडी जालोर में खरीद कार्य का शुभारंभ



जालोर के कृषि उपज मंडी में खरीद कार्य का शुभारम्भ मुख्य सचतेक जोगेश्वर गर्ग ने किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। भारत सरकार की समर्थन मूल्य खरीद योजना वर्ष 2025-26 के अनुसार जालोर को-ऑपरेटिव मार्केटिंग सोसायटी, जालोर की ओर से खरीद कार्य का शुभारंभ मंगलवार को राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कृषि उपज मण्डी समिति जालोर में किया।

समिति जनरल मैनेजर नरेन्द्र चौधरी ने बताया कि मूंग 8768 रूपये प्रति क्विंटल एवं मूंगफली 7263 रूपये प्रति क्विंटल है। किसान की प्रति हैक्टेयर मूंग 11.55 क्विंटल एवं मूंगफली प्रति हैक्टेयर 24.22 क्विंटल रहेगी एवं प्रति किसान अधिकतम 40 क्विंटल तुलाई होगी।

सहकारिता विभाग के उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियां सुनील वीरभान ने बताया कि किसान को अपनी कृषि जिंस सूखाकर एवं तय मानकों के अनुरूप लानी होगी। कृषि उपज मण्डी समिति जालोर के सचिव कल्याण सिंह भाटी ने मण्डी परिसर में तुलाई कार्य के लिए अवसंरचना संबंधी व्यवस्थाओं को सुचारू करवाया।

इस अवसर पर नाथुसिंह तीखी, सुरेश सुन्देशा, गणपत सिंह राव, पेमाराम देवासी, स्वरूपसिंह बिशनगढ, नाथू सोलंकी एवं समिति कर्मचारी उपस्थित रहे।

# निबंध के लिए प्रविष्टियां मांगी

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से आम नागरिकों, शिक्षकों, छात्रों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए जागरूक मतदाता जनतंत्र का प्रहरी विषयक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन की जा रही है। आयोग का उद्देश्य जनसामान्य में मतदान के महत्व, जिम्मेदार नागरिक की भूमिका तथा लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के जागरुकता पक्षों को प्रसारित करना है।

स्वीप नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता के लिए हिन्दी भाषा में निबंध 500 से 800 शब्दों की सीमा में लिखना होगा। उन्होंने बताया कि प्रतिभागी अपने निबंध ईमेल अथवा व्हाट्सएप नंबर के माध्यम से भेज सकते हैं।

निर्वाचन आयोग को प्राप्त होने वाले समस्त निबंधों का मूल्यांकन चयन समिति की ओर से किया जाएगा और उत्कृष्ट प्रविष्टियों को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि निबंध भेजने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई है।

